तापमान

अधिकतम 38 .2 डिग्री
न्यूनतम 15 .6 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, गुरुवार 7 मई 2026



14 नप ने किए 60 साल से बने 22 खोखे ध्वस्त, 24 परिवारों ..




14 बाढ़ आपदा को लेकर होगी मॉक ड्रिल



## खबर संक्षेप

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से माली की मौत

**कुरुक्षेत्र** । जीटी रोड पर तेज रफ्तार कार की टक्कर से साइकिल सवार माली की मौत हो गई। मृतक की पहचान पटियाला बैंक कॉलोनी निवासी माता प्रसाद के रूप में हुई है, जो एडीए कार्यालय में कार्यरत था। हादसे के समय उसका बेटा भी पीछे साइकिल पर आ रहा था। टक्कर इतनी जोरदार थी कि माता प्रसाद सड़क पर गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े। पिता को खून से लथपथ देख बेटा भी बेहोश हो गया। राहगीरों की मदद से घायल को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद आरोपी कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### महिला से 4.5 लाख की ठगी, आरोपी पर केस

**यमुनानगर**। जवाहर नगर कॉलोनी निवासी राजकुमारी ने मनोज बरमन पर घर बनवाने के नाम पर बैंक से लोन दिलवाकर साढ़े चार लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। शिकायत के अनुसार आरोपी ने बैंक में जान-पहचान का झांसा देकर उससे जरूरी दस्तावेज लिए और लोन पास करवाकर रकम खुद ले ली। जब महिला को ठगी का पता चला तो उसने आरोपी से पैसे मांगे, लेकिन उसने न तो संतोषजनक जवाब दिया और न ही रकम लौटाई। इसके बाद पीड़िता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### स्क्रीनिंग प्लांट से 62 लाख का सामान चोरी

**यमुनानगर**। गांव मंडोली गागड़ स्थित एएस इंटरप्राइजेज स्क्रीनिंग प्लांट से करीब 62 लाख रुपये का सामान चोरी होने का मामला सामने आया है। करनाल के रायपुर जाटान निवासी सिविल इंजीनियर आशीष पन्नू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने वर्ष 2020 में उक्त स्क्रीनिंग प्लांट खरीदा था। वर्ष 2021 में कोरोना महामारी के चलते सरकारी निर्देशों के अनुसार प्लांट को बंद कर दिया गया था। उस समय प्लांट में करीब 10 लाख रुपये का मटेरियल, 50 लाख रुपये की मशीनरी और दफ्तर का अन्य सामान रखा हुआ था। कुछ समय बाद उसे सूचना मिली कि प्लांट से सामान चोरी हो गया है। पड़ताल में गांव मंडोली गागड़ निवासी नवाब सिंह पर चोरी का आरोप लगा। शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपी ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया और धमकी भी दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार



**अंबाला**। थाना बलदेव नगर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बीएम फाउंडरी एंड इंजीनियरिंग वर्कस बलदेव नगर से लोहा बट्टे चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को मंडौर से काबू किया। प्रबंधक थाना बलदेव नगर ने जानकारी देते हुए बताया कि शिकायतकर्ता महिला ने 2 मई 2026 को शिकायत दी थी कि 30 अप्रैल 2026 को बलदेव नगर स्थित बीएम फाउंडरी एंड इंजीनियरिंग वर्क्स से आरोपी ने 20 पीस बट्टे वजन 50 किलो, 8 पीस छोटे बट्टे वजन 40 किलो लगभग 5 क्विंटल किलो लोहा चोरी किया है। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी मुकेश कुमार व प्रदीप कुमार उर्फ दीपा को मंडौर से गिरफ्तार किया है।

## यमुनानगर में सीआईए-2 टीम से मुठभेड़, आरोपी से हथियार व बाइक बरामद

# पूर्व सरपंच के घर पर फायरिंग करने के आरोपी का एनकाउंटर

- मुठभेड़ के दौरान आरोपी के पैर में गोली लगी
- पुलिस व बदमाश के बीच 12 से 15 राउंड फायरिंग
- काला राणा गिरोह से जुड़ा आरोपी, अन्य साथियों की तलाश जारी
- आरोपी अमन 21 अप्रैल को पूर्व सरपंच के घर पर हुई फायरिंग की घटना के बाद से फरार चल रहा था



यमुनानगर। घटना स्थल पर जांच करती पुलिस एवं मुठभेड़ में घायल आरोपी को अस्पताल में ले जाते पुलिस कर्मी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

यमुनानगर। थाना रादौर क्षेत्र के गांव भूरे का माजरा में पूर्व सरपंच ऋषिपाल के घर पर 21 अप्रैल को हुई फायरिंग के मामले में वांछित बदमाश अमन की मंगलवार रात सीआईए-2 टीम के साथ मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान आरोपी के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। पुलिस ने उसे तुरंत उपचार के लिए सिविल अस्पताल यमुनानगर में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज जारी है। डीएसपी रजत गुलिया के अनुसार आरोपी अमन पानीपत के गोयला गांव का रहने वाला है और कुख्यात काला राणा गिरोह से जुड़ा हुआ है। मंगलवार रात पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी पल्सर बाइक पर सवार होकर गांव कुलपुर क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने इलाके में घेराबंदी की और संदिग्ध को रुकने का इशारा किया।इसी दौरान आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी मोर्चा संभाला और दोनों ओर से करीब 12 से 15 राउंड गोलियां चलीं। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली लगने से आरोपी अमन घायल हो गया, जिसके बाद पुलिस ने उसे काबू कर लिया। मौके से एक हथियार और बाइक भी बरामद की गई है। गौरतलब है कि आरोपी अमन 21 अप्रैल को पूर्व सरपंच के घर पर हुई फायरिंग की घटना के बाद से फरार चल रहा था। इस मामले में पुलिस पहले से उसकी तलाश कर रही थी। पुलिस अब आरोपी के अन्य साथियों की तलाश में जुटी है, जो फायरिंग की घटना में उसके साथ शामिल थे। फिलहाल आरोपी का अस्पताल में इलाज चल रहा है। स्वास्थ्य ठीक होने के बाद पुलिस उससे गहन पूछताछ करेगी, जिससे मामले में और खुलासे होने की संभावना है।

# कुरुक्षेत्र में सफाई कर्मी ने फंदा लगाकर दी जान

*परिजनों ने लिव-इन पार्टनर और साथियों पर लगाया मानसिक प्रताड़ना का आरोप*

- सुसाइड नोट की सत्यता पर सवाल हैंडराइटिंग जांच के लिए भेजे जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

नगर परिषद थानेसर के सफाई कर्मी ने सुसाइड कर लिया। घर पर रस्सी के साथ कर्मी का शव फंदे पर लटका मिला। सफाई कर्मी अपने संतपुरा स्थित मकान में एक महिला के साथ लिव-इन-रिलेशनशिप में रहता था। परिवार ने महिला और उसके साथियों पर सुसाइड के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। फिलहाल, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान रमन कुमार 30 निवासी बहादुरपुरा के रूप में हुई। अभी रमन संतपुरा में एक महिला के साथ रहता था। करीब 4 साल पहले उसकी पत्नी पुष्पा अपने दोनों बेटियों को साथ लेकर मायके में रह रही थी। शिव कुमान निवासी इशाकपुर ने बताया कि रमन उसका भांजा था। घटनास्थल से एक सुसाइड नोट मिला है। इसमें उसने अपने ससुराल के लोगों पर आरोप लगाए हैं। उन्होंने दावा किया कि सुसाइड नोट पर रमन के साइन नहीं हैं। साथ हैंड राइटिंग भी उसकी नहीं है। यह नोट उसके साथ रहने वाली महिला ने लिखकर रखा है। मामा शिव कुमार ने बताया कि सोनिया और रमन के साथ काम करने वाले कर्मी की उसके मकान पर नजर थी। सोनिया और कर्मी रमन पर उस मकान को बेचने के लिए दबाव बना रहे थे। करीब 30 लाख में मकान बेचने के कागज भी तैयार करवा लिए गए थे। बाद में जब खरीदार को शक हुआ कि कागज सही नहीं हैं। साथ उसे पता चला कि यह मकान रमन को उसके मामा ने बनाकर दिया है। इसलिए उसने मकान लेने से इनकार कर दिया। प्रॉपर्टी डीलर भी मकान लेने से पीछे हट गए। जब मकान नहीं बिका, तो रमन को नौकरी में अटेंडेंस और अन्य बातों को लेकर कर्मी ने परेशान करना शुरू कर दिया। थाना सुभाष मंडी पुलिस चौकी के इंचार्ज अमित कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमॉर्टम करवाया जाएगा। बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। सुसाइड नोट की भी जांच होगी, जिसमें हैंडराइटिंग और अन्य पहलुओं को परखा जाएगा।

### हत्या के मामले में महिला समेत चार पकड़े

**पानीपत**। थाना मतलौडा पुलिस ने कवि गांव में जमीन के विवाद में बड़े भाई मोहन लाल की हत्या करने मामले में मृतक के भाई महाबीर, सत्यनारायण, बलिंद्र व भाभी गीता को गिरफ्तार किया है। वहीं, थानेदार मतलौडा राजेश ने बताया कि मोहन लाल की हत्या के मामले में मृतक की पत्नी केला देवी की शिकायत पर केस दर्ज है। वहीं, मारपीट में मृतक मोहन लाल का पुत्र केहर सिंह भी घायल हुआ था। पुलिस ने आरोपी महाबीर, सत्यनारायण व बलिंद्र को कोर्ट में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपियों से वारदात में प्रयुक्त लाठी, डंडे बरामद करने का प्रयास करेगी।

## पारिवारिक विवाद में युवक की हत्या मामले में चाचा गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



यमुनानगर के पुराना हमीदा क्षेत्र में पारिवारिक विवाद के चलते 42 वर्षीय मेहंदी हसन की हत्या के मामले में पुलिस ने उसके चाचा कुरबान अली को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया है, ताकि वारदात में इस्तेमाल धारदार हथियार की बरामदगी की जा सके। अन्य आरोपी अभी फरार हैं।हमीदा पुलिस चौकी इंचार्ज शमशेर सिंह के अनुसार, शिकायतकर्ता जब्बार हसन ने बताया कि परिवार के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। रविवार रात बैठक में बैठे मेहंदी हसन के साथ चाचा कुरबान ने गाली-गलौज की और बाद में अपने साथियों के साथ मिलकर उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था।

## 28 कनाल जमीन सौदे में 73 लाख की धोखाधड़ी

- करुणा निधान एग्रोटेक के निदेशक समेत तीन पर ठगी का केस दर्ज कर जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अंबाला के मस्तपुर गांव में 28 कनाल जमीन की खरीद-फरोख्त के नाम पर 73 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ताओं विवेक सिंगला, अवतार सिंह और कर्मजीत कौर ने आरोप लगाया है कि करुणा निधान एग्रोटेक के डायरेक्टर आशु गंभीर, वनीता गंभीर और रेनू ने उन्हें जमीन बेचने का झांसा दिया।आरोप है कि पहले 50 लाख रुपये बैंक के लोन खाते में ट्रांसफर करवाए गए और 23 लाख रुपये अलग से लिए गए। कुल 73 लाख रुपये लेने के बाद आरोपियों ने वादा किया कि बैंक से एनओसी मिलने पर रजिस्ट्री कर दी जाएगी, लेकिन बाद में संपर्क बंद कर दिया। इसके बाद पीड़ितों को पता चला कि जमीन किसी तीसरे पक्ष को बेच दी गई है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## बिना ओटीपी के खाते से उड़ गए 1.90 लाख रुपये

- डिजिटल फ्रॉड से मचा हड़कंप, बैंक और यूपीआई सुरक्षा पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र में डिजिटल फ्रॉड का गंभीर मामला सामने आया है, जिसमें पत्रकार कर्ण ओहरी के बैंक खातों से बिना किसी ओटीपी या लिंक क्लिक के 1.90 लाख रुपये की ठगी हो गई। पीड़ित के अनुसार 5 मई को सुबह करीब 11:20 बजे उनके आईडीबीआई बैंक और एक्सिस बैंक खातों से दो अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए 95-95 हजार रुपये निकाल लिए गए। हैरानी की बात यह रही कि पूरी प्रक्रिया के दौरान न तो कोई ओटीपी आया और न ही किसी संदिग्ध लिंक पर क्लिक किया गया। घटना के समय उनका मोबाइल फोन ऑटो-अपडेट मोड पर था, जिसके चलते वह कुछ समय तक उपयोग में नहीं आ सका। दोपहर बाद जब उन्हें खाते से पैसे कटने की जानकारी मिली तो उन्होंने तुरंत बैंक अधिकारियों और साइबर क्राइम विभाग में शिकायत दर्ज कराई।बैंक अधिकारियों ने भी ऐसे मामलों की बढ़ती संख्या पर चिंता जताई है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि रकम मुंबई स्थित किसी खाते में ट्रांसफर की गई है। साइबर सेल मामले की गहन जांच कर रही है। इस घटना ने बैंकिंग सुरक्षा और यूपीआई सिस्टम की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## नशा तस्कर पर कार्रवाई, साढ़े तीन किलो गांजे सहित आरोपी काबू

- पुलिस अब नेटवर्क और सप्लाई चेन की जांच कर रही है, ताकि गिरोह का खुलासा किया जा सके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला में पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एएनसी सैल की टीम ने सूचना के आधार पर बनारसी दास मिल के पास दबिश देकर कुम्हार मंडी, अंबाला छावनी निवासी प्रवीण कुमार उर्फ विनय को काबू किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 3 किलो 580 ग्राम गांजा बरामद हुआ।पुलिस के अनुसार आरोपी लंबे समय से नशा तस्करी के नेटवर्क से जुड़ा हुआ था। मामले में आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस अब उसके नेटवर्क और सप्लाई चैन की जांच कर रही है, ताकि पूरे गिरोह का खुलासा किया जा सके।

## 62 लाख का सामान चोरी करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

यमुनानगर के गांव मंडोली गागड़ स्थित एएस इंटरप्राइजेज स्क्रीनिंग प्लांट से करीब 62 लाख रुपये के सामान की चोरी का मामला सामने आया है। जिला करनाल के रायपुर जाटान निवासी सिविल इंजीनियर आशीष पन्नू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने 2020 में यह प्लांट खरीदा था, जिसे 2021 में कोरोना काल के दौरान बंद कर दिया गया था। उस समय प्लांट में लगभग 10 लाख रुपये का मटेरियल, 50 लाख रुपये की मशीनरी और अन्य दफ्तर का सामान मौजूद था। सूचना मिली कि प्लांट से सामान चोरी हो गया है। मौके पर पहुंचकर जांच करने पर सामान गायब मिला। पड़ताल में गांव मंडोली गागड़ निवासी नवाब सिंह पर चोरी का आरोप लगा। आरोप है कि जब इस बारे में बात की गई तो आरोपी ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया और धमकी दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात व्यक्ति की मौत

- शव की नहीं हुई शिनाख्त, पुलिस ने शव को सिविल अस्पताल के शव गृह में रखा

**यमुनानगर**। यमुनानगर रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि मृतक का चेहरा पूरी तरह से कुचल गया जबकि उसकी एक टांग कटकर करीब 10 मीटर दूर जा गिरी। शव का बायां हाथ भी कटा हुआ मिला। सूचना मिलते ही जीआरपी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव को सिविल अस्पताल के शवगृह में रखवाकर आसपास के क्षेत्रों में शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए हैं। मामले के जांच अधिकारी एसआई कुलदीप सिंह ने बताया कि रात करीब डेढ़ बजे स्टेशन मास्टर की ओर से सूचना मिली थी कि स्टेशन की तरफ रेलवे लाइन पर एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है।

## विश्व अस्थमा दिवस पर आयुष विश्वविद्यालय में स्क्रीनिंग व जागरूकता कार्यक्रम

*पीईएफ व स्पाइरोमेट्री से बच्चों की जांच कर दी शुरुआती पहचान की सलाह*

# बढ़ते प्रदूषण व बदलती जीवनशैली से बच्चों में बढ़ रहा अस्थमा का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र




कुरुक्षेत्र। आयुष विश्वविद्यालय में जागरूकता शिविर में बच्चों के साथ डॉक्टर।

श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के आयुर्वेदिक अस्पताल में विश्व अस्थमा दिवस के अवसर पर बाल रोग विभाग द्वारा विशेष स्क्रीनिंग एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में ओपीडी संख्या-53 में आए बच्चों की जांच कर अस्थमा के प्रति जागरूक किया गया। शिविर के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों ने संभावित अस्थमा लक्षणों वाले बच्चों की पीईएफ (पीक एक्सपिरेटरी फ्लो) एवं स्पाइरोमेट्री परीक्षण के माध्यम से जांच की गई, जिससे रोग की प्रारंभिक अवस्था में पहचान संभव हो सके। कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ाने के साथ-साथ समय पर रोग निदान में सहायक होते हैं। उन्होंने कहा कि समाज में बढ़ती श्वसन संबंधी समस्याओं को देखते हुए इस प्रकार के शिविर अत्यंत आवश्यक हैं। विभागाध्यक्ष प्रो. वैद्य शंभू दयाल शर्मा ने बताया कि वायु प्रदूषण, बदलती जीवनशैली और शारीरिक गतिविधियों में कमी के कारण अस्थमा के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। विशेषकर बच्चों में इसके लक्षण तेजी से देखने को मिल रहे हैं,जो गंभीर चिंता का विषय है। प्रो. डॉ. अमित कटारिया ने बताया कि अस्थमा एक दीर्घकालिक बीमारी है,जिसे समय पर पहचान,उचित जांच और नियमित उपचार के माध्यम से नियंत्रित किया जा सकता है।

### समय पर जांच जरूरी

विशेषज्ञों ने बताया कि अस्थमा से पीड़ित बच्चे न केवल शारीरिक रूप से बल्कि मानसिक और शैक्षणिक रूप से भी प्रभावित होते हैं। डॉ. सुधीर मलिक के अनुसार बार-बार खांसी, सांस फूलना और सीने में जकड़न से बच्चों की दिनचर्या बाधित होती है। डॉ. जयदेव गेहिजा ने कहा कि लंबे समय तक श्वसन समस्याएं मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर डालती हैं। विशेषज्ञों ने आयुर्वेदिक औषधियों, प्राणायाम और ट्रिगर कारकों से बचाव की सलाह दी। चिकित्सा अधीक्षक प्रो. राजा सिंगला ने अभिभावकों से अपील की कि लक्षण दिखने पर तुरंत जांच कराएं, ताकि समय पर उपचार संभव हो सके।

## गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर गहने हड़पे

- पुलिस ने आरोपी के साथ गहने खरीदने वाले ज्वेलर को भी भी आरोपी बनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अंबाला के सैनिक विहार कॉलोनी में गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है, जिसमें एक पड़ोसी ने 9वीं कक्षा के 14 वर्षीय किशोर को धमकाकर घर से लाखों रुपये के गहने हड़प लिए। पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपी मनप्रीत उर्फ मन्नू के साथ-साथ एक ज्वेलर के मालिक को भी आरोपी बनाया है और दोनों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।पीड़ित पंकज बजाज ने पुलिस को बताया कि उनकी माता अस्पताल में भर्ती थीं और परिवार व्यस्त था। इसी दौरान आरोपी मनप्रीत ने बच्चे से दोस्ती कर ली और खुद को लॉरेंस गैंग का सदस्य बताकर उसे धमकाया। उसने बच्चे को परिवार खत्म करने की धमकी दी और गैंग में शामिल कराने का लालच दिया। डर के कारण बच्चे ने घर से मां की अंगूठियां, चेन सेट, किटी सेट और दादी के गहने निकालकर आरोपी को दे दिए।बाद में परिवार को गहने गायब मिले तो पूछताछ में सारा मामला सामने आया। बच्चे ने रोते हुए पूरी घटना बताई, जिसमें गहने मोनिका ज्वेलर्स के मालिक नीरज को दिए जाने की बात सामने आई। सेक्टर-9 थाना पुलिस ने दोनों आरोपियों पर केस दर्ज कर लिया।

## खबर संक्षेप



### 1500 योग प्रतिभागियों ने किया अभ्यास

**मधुबन/करनाल।** हरियाणा पुलिस अकादमी, मधुबन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में चल रहे पांच दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम के चौथे दिन 1500 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सुबह 6 बजे शुरू हुए सत्र में योग विशेषज्ञ डॉ. अमित पुंज और मुख्य सिपाही अनिल कुमार ने प्रतिभागियों को ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन सहित प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया। प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ योगाभ्यास कर शारीरिक व मानसिक संतुलन को सुदृढ़ किया।

### पंचायती राज उपचुनाव की तैयारियां तेज

**करनाल।** जिले में पंचायती राज संस्थाओं के रिक्त पदों के लिए 10 मई को होने वाले उपचुनाव को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिला सचिवालय में उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा की निगरानी में पोलिंग पार्टियों, ईवीएम और मतगणना स्टाफ की रेंडमाइजेशन प्रक्रिया पूरी की गई। जिले में सरपंच के तीन, पंच का एक और जिला परिषद के एक वार्ड के लिए चुनाव होगा। मतदान 10 मई को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। इस दौरान एडीसी डॉ. राहुल रईया, एसडीएम अमित सिहाग, डीडीपीओ कंचनलता सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### सरकार पर भड़की भाकियू सर छोटूराम

**करनाल।** भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम ने हरियाणा सरकार पर किसानों के साथ किए वादे पूरे न करने का आरोप लगाया है। यूनियन के प्रवक्ता बहादुर मैहला बलड़ी ने कहा कि 48 से 72 घंटे में भुगतान का वादा किया गया था, लेकिन एक महीने बाद भी गेहूं की पेमेंट नहीं हुई। उन्होंने कहा कि मंडियों में गेहूं का उठान नहीं हो रहा, जिससे भुगतान प्रक्रिया प्रभावित हो रही है और किसान परेशान हैं। उन्होंने मांग की कि ट्रांसपोर्ट व्यवस्था की जांच कर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

### योग से मिल रहा स्वस्थ जीवन का संदेश



**करनाल।** सेक्टर-12 स्थित फव्वारा पार्क में 'मेरा मिशन स्वस्थ भारत' के तत्वावधान में चल रही योग कक्षा में मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी ने साधकों को विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास करवाया। इस दौरान विशेष रूप से स्टिक योग पर जोर देते हुए उन्होंने प्रतिभागियों को इसके लाभों से अवगत कराया। स्टिक की सहायता से योग करने पर शरीर की बेहतर स्ट्रेचिंग होती है, जिससे शारीरिक संतुलन मजबूत होता है और मानसिक स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।आज की तेज रफ्तार जीवनशैली में शांति और सुकून के पल पाना कठिन हो गया है, ऐसे में योग अपनाना अत्यंत आवश्यक है।

# स्वच्छ सर्वेक्षण में अव्वल रहने को फीडबैक अभियान तेज

फील्ड में उतरकर नागरिकों से सीधे जुड़ने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में बेहतर रैंकिंग सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम करनाल ने सिटीजन फीडबैक बढ़ाने हेतु विशेष अभियान तेज कर दिया है। इसको लेकर अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार ने सेनिटेशन विंग, स्वच्छ भारत मिशन-शहरी टीम और प्रशिक्षु स्वास्थ्य स्वच्छता निरीक्षकों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने जोन प्रभारियों को निर्देश दिए कि वे अधिक से अधिक समय फील्ड में बिताएं और शहर के प्रमुख बाजारों व व्यावसायिक क्षेत्रों में जाकर नागरिकों से फीडबैक प्राप्त करें।

- बैठक में अनुपस्थित रहे प्रशिक्षुओं की गैरहाजिरी दर्ज कर अनुशासन बनाए रखने को कहा गया



करनाल। स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर निर्देश देते अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार।

उन्होंने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में नागरिक सहभागिता अहम भूमिका निभाती है और इसी के आधार पर शहर की रैंकिंग तय होती है। स्वच्छ भारत मिशन टीम व प्रशिक्षु निरीक्षकों को शिक्षण संस्थानों में जाकर विद्यार्थियों और स्टाफ से भी फीडबैक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अनुपस्थित पाए गए प्रशिक्षुओं की गैरहाजिरी दर्ज कर अनुशासन बनाए रखने को कहा गया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 5022 फीडबैक के साथ करनाल प्रदेश में पहले स्थान पर है, लेकिन इस संख्या को और बढ़ाने की जरूरत है। इस अवसर पर मुख्य सफाई निरीक्षक सुरेंद्र चोपड़ा, ऊषा रानी, जोन प्रभारी मनदीप सिंह, संदीप कुमार, प्रवेश कुमार, गुलाब सिंह, सिटी टीम लीडर हिमांशु राणा, निखिल चौखे, एसबीएम एक्सपर्ट विनोद दहिया, रिजवान आलम सहित अन्य मौजूद रहे।

### तरावड़ी में की जा रही तैयारियां




**तरावड़ी।** नगर पालिका तरावड़ी द्वारा शहर को स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 में नंबर वन बनाने के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। शहर के विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए स्लोगन लिखवाए जा रहे हैं, वहीं मुख्य चौराहों और सार्वजनिक स्थलों पर डस्टबिन स्थापित किए जा रहे हैं ताकि कचरा इधर-उधर न फैले। नगर पालिका के कर्मचारी दिन-रात सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने में जुटे हुए हैं। गली-मोहल्लों में नियमित सफाई के साथ-साथ लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। इसके अलावा शहरवासियों से मोबाइल के माध्यम से फीडबैक भी लिया जा रहा है, ताकि सफाई व्यवस्था में और सुधार किया जा सके। शहर को सुंदर और स्वच्छ बनाने के लिए नगर पालिका कार्यालय सहित अन्य स्थानों पर वॉल पेंटिंग करवाई जा रही हैं, जिनमें स्वच्छता के संदेश दिए जा रहे हैं। साथ ही शहर में फूलों के गमले, पेड़-पौधे और सौंदर्यीकरण के अन्य कार्य भी किए जा रहे हैं, जिससे शहर का वातावरण आकर्षक और स्वच्छ बने। नगर पालिका सचिव अजीत कुमार ने बताया कि शहर को अव्वल स्थान दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। सुलभ शौचालयों की व्यवस्था को बेहतर बनाया जा रहा है और सफाई कर्मचारियों द्वारा निरंतर कार्य किया जा रहा है। साथ ही शहर के लोगों से अपील की जा रही है कि वे इस अभियान में सहयोग करें और फीडबैक देकर व्यवस्था को मजबूत बनाएं। उन्होंने बताया कि दुकानदारों को भी समय-समय पर जागरूक किया जा रहा है।

### सड़क हादसे में घायल पुलिस जवान ने तोड़ा अस्पताल में दम

**करनाल।** चंडीगढ़ के ट्रिब्यून चौक पर करीब तीन सप्ताह पहले हुए एक भीषण सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए पुलिस जवान विपिन की इलाज के दौरान करनाल में मौत हो गई। 35 वर्षीय विपिन मूल रूप से करनाल के गाँव बसताड़ा के रहने वाले थे और चंडीगढ़ पुलिस में डीजीपी के गनमैन के रूप में अपनी सेवाएँ दे रहे थे। उनकी असमय मृत्यु से पूरे गाँव में शोक व्याप्त है। यह दुर्घटना 15 अप्रैल को उस समय हुई थी, जब विपिन अपनी बाइक से ड्यूटी के लिए जा रहे थे। रास्ते में ट्रिब्यून चौक के पास उनकी बाइक की एक स्कूटी से टक्कर हो गई, जिसमें उन्हें गंभीर चोटें आईं। उन्हें पीजीआई चंडीगढ़ में भर्ती कराया गया, जहाँ कई दिनों तक उनका उपचार चला। 5 मई को पीजीआई से छुट्टी मिलने के बाद परिजन उन्हें करनाल के एक निजी अस्पताल में ले आए थे, जहाँ बीती रात उन्होंने दम तोड़ दिया।

# विद्यार्थियों को सौंपे नेतृत्व के दायित्व

- एस.एम.एस. स्कूल में किया अलंकरण समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी

एस.एम.एस. मेमोरियल पब्लिक स्कूल, तरावड़ी में अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्र परिषद के सभी चयनित छात्र-छात्राओं को उनके हाउस, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों से संबंधित कर्तव्यों के प्रति जागरूक करते हुए शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक स. गुरशरण सिंह ग्रेवाल एवं प्राचार्या डॉ. विभा कौशिक द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर यश को स्कूल हेड बॉय तथा गीतिका को स्कूल हेड गर्ल नियुक्त किया गया। उन्हें पदनाम चिन्ह एवं पट्टी पहनाकर सम्मानित किया गया। प्रबंधक स. गुरशरण सिंह ग्रेवाल ने कहा कि छात्र परिषद विद्यार्थियों में नेतृत्व, अनुशासन और आत्मविश्वास को विकसित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करें और विद्यालय का नाम रोशन करें।प्राचार्या डॉ. विभा कौशिक ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों को न केवल नेतृत्व के अवसर प्रदान करते हैं, बल्कि उनमें टीम भावना, निर्णय क्षमता एवं जिम्मेदारी का भी विकास करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पित रहने और एक आदर्श विद्यार्थी बनने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय में विद्यार्थियों को चार सदनों—हिमालय, अरावली, नीलगिरी एवं शिवालिक में विभाजित किया गया है। प्रत्येक सदन अध्यापकों के मार्गदर्शन में कार्य करता है और इन्हीं सदनों से छात्र परिषद के सदस्य एवं कप्तान चुने जाते हैं। समारोह के दौरान सभी कप्तानों को सम्मानित किया गया।




तरावड़ी। विद्यार्थियों को चिन्ह एवं पट्टी पहनाकर सम्मानित करते हुए।

### करनाल के सेक्टर-37 में 12 एकड़ से अवैध कब्जा हटाया

**करनाल।** हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं बुनियादी ढांचा विकास निगम ने बुधवार को सेक्टर-37 में बड़ी कार्रवाई करते हुए करोड़ों रुपये की सरकारी जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त करा लिया है। प्रशासन ने यहाँ करीब 12 एकड़ में अवैध रूप से बने बैंक्वेट हॉल और अन्य पक्के निर्माणों को जेसीबी की मदद से पूरी तरह ध्वस्त कर दिया।

इस कार्रवाई के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए भारी पुलिस बल मौके पर तैनात रहा। साल 2009 में कुल 231 एकड़ जमीन अधिग्रहित की थी, जिसमें से 12 एकड़ पर लंबे समय से अवैध कब्जा कर निर्माण किया गया था। विभाग ने कब्जाधारियों को पहले कई बार नोटिस जारी कर कब्जा हटाने के निर्देश दिए थे, लेकिन उनकी ओर से कोई जवाब नहीं मिला। हाल ही में हाईकोर्ट द्वारा याचिका खारिज किए जाने के बाद विभाग ने सख्ती दिखाई।

# माय ड्रीम क्लासरूम पर नाटक का मंचन

**तरावड़ी।** प्रताप पब्लिक स्कूल तरावड़ी में आज कक्षा 6-बी के विद्यार्थियों द्वारा माय ड्रीम क्लासरूम विषय पर एक सुंदर और शिक्षाप्रद नाटक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी कल्पना के आदर्श कक्षा कक्ष को मंच पर जीवंत रूप में प्रस्तुत किया, जिसे देखकर सभी दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य विकास कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बच्चों को बताया कि एक आदर्श कक्षा वह होती है जहाँ शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन, स्वच्छता और रचनात्मकता का भी समावेश हो। इसके बाद कक्षा 6-बी के छात्रों ने अपने अभिनय के माध्यम से ड्रीम क्लासरूम की झलक प्रस्तुत की। उन्होंने दिखाया कि उनकी सपनों की कक्षा में स्मार्ट बोर्ड, साफ-सुथरा वातावरण आरामदायक बैठने की व्यवस्था, और आधुनिक शिक्षण सुविधाएँ उपलब्ध हैं।

विद्यालय की निर्देशिका पिथी चौधरी ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि बच्चों के सपनों को साकार करने के लिए विद्यालय निरंतर प्रयासरत है और भविष्य में ड्रीम क्लासरूम जैसी सुविधाएँ उपलब्ध कराने की दिशा में कदम उठाए जाएंगे।

स्कूल चेयरपर्सन हनी चौधरी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा मेरी कल्पना की कक्षा में अनुशासन बाध्यता नहीं, बल्कि आत्म-नियंत्रण का प्रतीक है।

# सकारात्मक सोच पर छात्रों को किया जागरूक

- दून इंटरनेशनल स्कूल में सेमिनार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

भारत विकास परिषद (माधव शाखा) के सौजन्य से दून इंटरनेशनल स्कूल, करनाल में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को सशक्त बनाने के उद्देश्य से "स्ट्रॉन्ग माइंड, स्ट्रॉन्ग लाइफ" विषय पर प्रेरणादायक सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वंदेमातरम के साथ हुई।

मुख्य वक्ता सिविल हॉस्पिटल करनाल की सीनियर मेडिकल ऑफिसर डॉ. सौभाग्य एस. कौशिक ने विद्यार्थियों को मानसिक तनाव, एकाग्रता, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जीवन में आने वाली




मनोवैज्ञानिक चुनौतियों का समाधान सही सोच और अनुशासन से संभव है। मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ. रितु शर्मा और डॉ. मुक्ता जैन (दयाल सिंह कॉलेज) ने विद्यार्थियों को भावनात्मक संतुलन बनाए रखने और लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया।

इस अवसर पर अनीता राजपाल, संगीता गिरधर तथा डॉ. सुचेता गुप्ता (संरक्षक डॉ. अशोक गुप्ता की धर्मपत्नी) ने भी अपने विचार रखते हुए विद्यार्थियों को आत्मबल, अनुशासन और जीवन मूल्यों का महत्व समझाया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक कुलजिंदर मोहन सिंह बाठ ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के मानसिक व शैक्षणिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## पश्चिम बंगाल में हिंसा की राजनीति का अंत : हरविंद्र कल्याण

# स्पीकर ने रेलवे स्टेशन पर की यात्रियों की सेवा

- खुद ट्रेन में घरौंडा तक सफर किया व यात्रियों को जल पिलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घरौंडा

स्पीकर हरविंद्र कल्याण ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ घरौंडा रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सेवा की। उन्होंने सादगी से खुद ट्रेन में घरौंडा रेलवे तक सफर किया तथा यात्रियों को स्पीकर हरविंद्र कल्याण ने स्वयं अपने हाथों से जल पिलाया। उन्होंने कहा सेवा परमो धर्म। दरअसल, स्पीकर हरविंद्र कल्याण करनाल रेलवे स्टेशन पर मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत कुरुक्षेत्र से श्री तख्त हजूर साहिब यात्रा, नांदेड़ (महाराष्ट्र) ट्रेन को हरी झंडी देकर रवाना करने के बाद इसी ट्रेन में सवार होकर घरौंडा रेलवे स्टेशन पहुंचे। जहां पहले से ही स्पीकर हरविंद्र कल्याण के सैकड़ों समर्थक पहुंच गए थे अधिक गर्मी होने के कारण सभी ने जल सेवा की और यात्रियों के लिए मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दी। कल्याण ने कहा पश्चिम बंगाल में सहित 3 राज्यों में भाजपा की प्रचंड जीत ने यह साबित कर दिया वहां की जनता ने हिंसा की राजनीति के खिलाफ अपने मत का प्रयोग किया। अब पश्चिम बंगाल भी प्रगति की धारा से जुड़ गया है। दरअसल तीन राज्यों में भाजपा की प्रचंड जीत के बाद कार्यकर्ताओं ने मिलकर कार्यक्रम का आयोजन किया था। कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचे स्पीकर हरविंद्र कल्याण ने कहा लोगों को पश्चिम बंगाल में योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा था। अब देश की प्रगति के साथ पश्चिम बंगाल भी प्रगति करेगा।



घरौंडा। रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सेवा करते हुए स्पीकर हरविंद्र कल्याण। *फोटो : हरिभूमि*

### बिरले होते हैं मनोहर लाल जैसे नेता : कल्याण

शहर में पूर्व सीएम व मौजूदा केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल जी का जन्म दिवस बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। स्पीकर हरविंद्र कल्याण ने मनोहर लाल जैसे नेता बिरले नेता होते है। उन्होंने प्रदेश के लिए जो किया वो वास्तव में किसी ने नहीं किया।

### शिकायतों के निपटान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: निगमायुक्त

**करनाल।** नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने विभिन्न जन शिकायत निवारण पोर्टलों पर दर्ज शिकायतों के त्वरित समाधान को लेकर अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में सीएम विंडो, जन संवाद, सोशल मीडिया ग्रीवेंस ट्रैकर, समाचार पत्रों, सीपी ग्राम तथा समाधान शिविरों से प्राप्त शिकायतों की विस्तार से समीक्षा की गई।

उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निपटान किया जाए और किसी भी स्तर पर ढिलाई न बरती जाए। निगमायुक्त ने कहा कि वर्तमान लंबित शिकायतों में से कम से कम 50 प्रतिशत का निपटान अगले दिन दोपहर तक हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। साथ ही प्रत्येक शिकायत की एक्शन टेकन रिपोर्ट समय पर पोर्टल पर अपलोड करने के भी निर्देश दिए।

## न्यूज डायरी

### आध्यात्मिक ऊर्जा से मिलती है नई दिशा: महापौर



**करनाल।** महापौर रेणु बाला गुप्ता ने बुधवार को सेक्टर-9 स्थित ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सेवा केंद्र का दौरा कर आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव किया और वरिष्ठ राजयोगिनी निर्मल दीदी व उर्मिल दीदी से आशीर्वाद प्राप्त किया। महापौर ने कहा कि केंद्र का वातावरण अत्यंत शांत और सकारात्मक है, जो मन को गहराई से प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि दीदी के प्रेरणादायक विचार जीवन में सच्चाई, सेवा और आत्मिक उन्नति के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिकता ही प्रेम और शांति के प्रसार का सशक्त माध्यम है। इस दौरान संस्थान के सदस्यों ने महापौर का स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किया।

### छात्राओं को दिया आत्मनिर्भर बनने का संदेश

**नीलोखेड़ी/करनाल।** हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, उन्हें केवल सही मार्गदर्शन और अवसर की आवश्यकता है। वे पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोंदर की छात्राओं को संबोधित कर रहे थे, जो संस्थान में एक्सपोजर विजिट पर पहुंची थीं। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल नौकरी पाने का माध्यम नहीं बल्कि व्यक्तित्व निर्माण और समाज को दिशा देने का सशक्त साधन है। डॉ. चौहान ने छात्राओं को आत्मविश्वास, अनुशासन और मेहनत को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का उदाहरण देते हुए कहा कि संघर्ष और मेहनत से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने मातृभाषा हिंदी के महत्व पर भी जोर देते हुए कहा कि यह हमारी संस्कृति और पहचान की आत्मा है। इस अवसर पर सहायक आचार्य सुशील मेहता, संदीप कुमार, कमलदीप सांगवान, वरिष्ठ सलाहकार गुरविंदर सिंह, नीलम छिकारा सहित शिक्षक व छात्राएं मौजूद रहीं।

### इग्नू ने असाइनमेंट जमा करने की तारीख बढ़ाई

**करनाल।** इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्म पाल ने बताया कि विश्वविद्यालय ने असाइनमेंट जमा करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल से बढ़ाकर 31 मई 2026 कर दी है। उन्होंने विद्यार्थियों को निर्देश दिया कि सभी असाइनमेंट हस्तलिखित तैयार किए जाएं और उनके साथ कवर पेज, प्रश्न पत्र, आईडी कार्ड तथा रजिस्ट्रेशन स्टेटस का प्रिंट अनिवार्य रूप से संलग्न करें। विद्यार्थियों को सलाह दी गई है कि असाइनमेंट जमा करने से पहले उसकी पीडीएफ कॉपी अपने पास सुरक्षित रखें और जमा करते समय डायरी नंबर अवश्य प्राप्त करें।

### 95% उपस्थिति वाले 134 विद्यार्थियों को सम्मान

**करनाल।** राजकीय कन्या मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में नियमित उपस्थिति को बढ़ावा देने के लिए 95 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति दर्ज करने वाले 134 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विज्ञान अध्यापिका श्वेता, पंजाबी शिक्षिका ममता, गणित प्राध्यापक अजय कुमार शर्मा और अंग्रेजी प्राध्यापक दीपक कुमार को भी प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य महेंद्र सिंह नरवाल ने कहा कि नियमितता और अनुशासन ही सफलता की कुंजी हैं। मुख्य अतिथि रोहताश वर्मा ने विद्यार्थियों को निरंतरता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रशासन के अनुसार, पिछले वर्ष 31 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया था, जबकि इस वर्ष यह संख्या बढ़कर 134 हो गई है।

### डायनासोर-थीम आइसक्रीम किओस्क बना आकर्षण

**करनाल।** दिल्ली-चंडीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर पिपली के पास मन्नत सितारा में भारत के पहले डायनासोर-थीम आइसक्रीम ब्रांड 'पूडायनो' ने अपना नया किओस्क शुरू किया है। इससे पहले कुरुक्षेत्र के मन्नत हवेली में खोला गया आउटलेट पहले ही लोकप्रिय हो चुका है। पूडायनो की खासियत इसके अनोखे फ्यूजन फ्लेवर और डायनासोर आकार के वाफल कोन्स हैं, जिनमें टी-रेक्स और ब्रैकियोसॉरस डिजाइन शामिल हैं। यहां 'लाइव डायनासोर राइड' जैसी गतिविधियां भी उपलब्ध हैं, जो बच्चों और परिवारों को खास आकर्षित कर रही हैं। संस्थापक एवं सीईओ सौरभ मेहदीरत्ता ने बताया कि हाईवे फूड एक्सपीरियंस को नया रूप देने के उद्देश्य से इस पहल की शुरुआत की गई है, ताकि यात्रियों को स्वाद के साथ यादगार अनुभव मिल सके।

### विकास कार्यों की समीक्षा, पारदर्शिता पर जोर

**करनाल।** शहर की मूलभूत समस्याओं के समाधान को लेकर महापौर रेणु बाला गुप्ता ने अपने कार्यालय में जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान नागरिकों की शिकायतें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए प्रस्तावित योजनाओं की भी जानकारी ली। जनसंवाद के दौरान प्रॉपर्टी टैक्स, जल कर, सीवरेज, सफाई व्यवस्था, अतिक्रमण, पार्कों के रखरखाव और सड़कों के चौड़ीकरण जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। महापौर ने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान ही प्राथमिकता है और इसके लिए सभी अधिकारी जवाबदेही के साथ कार्य करें। उन्होंने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करने पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में जनहित कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है और पारदर्शिता के साथ विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जा रहा है। इस अवसर पर निगम अधिकारी, पार्षद, प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### छठे दिन भी जारी रही सफाई कर्मचारियों की हड़ताल




**करनाल।** नगर पालिका कर्मचारी संघ के बैनर तले सफाई कर्मचारियों की हड़ताल बुधवार को छठे दिन भी जारी रही। कर्मचारी नगर निगम कार्यालय के बाहर धरना देकर नारेबाजी करते रहे। धरने की अध्यक्षता राजकुमार ने की और संचालन विनोद प्रोचा ने किया। सर्व कर्मचारी संघ के जिला सचिव सेवाराम बड़सर समर्थन देने पहुंचे। राजकुमार ने कहा कि यदि जल्द मांगें पूरी नहीं हुईं तो प्रदेश के 36 हजार कर्मचारी सड़कों पर उतरेंगे। उन्होंने बताया कि करनाल के 1210 सफाई कर्मचारी हड़ताल पर हैं और सरकार का रवैया अड़ियल बना हुआ है। इस अवसर पर राजिंद्र बुंबक, बिंदर चौहान, नरेश अठवाल, धर्मवीर, महावीर सिरसवाल, महेंद्र, सरोज, मीना देवी, अमित, सुरेंद्र पांचाल, राजीव, वीरभान बिडलान और शारदा मौजूद रहे।

### फायर कर्मियों की हड़ताल 29वें दिन भी जारी



**करनाल।** फरीदाबाद अग्निकांड में जान गंवाने वाले दो फायरकर्मियों को शहीद का दर्जा देने, उनके परिवारों को एक-एक करोड़ रुपये की सहायता और आश्रित को सरकारी नौकरी देने की मांग को लेकर अग्निशमन कर्मचारी यूनियन की हड़ताल 29वें दिन भी जारी रही। सेक्टर-4 दमकल केंद्र में धरने की अध्यक्षता संदीप त्यागी ने की और संचालन दिनेश राणा ने किया। सर्व कर्मचारी संघ के जिला सचिव सेवाराम बड़सर ने भी समर्थन दिया। यूनियन ने आरोप लगाया कि सरकार अप्रशिक्षित युवाओं से काम चलाने की कोशिश कर रही है, जो खतरनाक साबित हो सकता है। इस दौरान प्रदीप, महावीर, सोमपाल, राजेश, कर्ण सिंह रमन, बजिंद्र नैन, अमित राणा, एसपी त्यागी, संजीव राणा, लाभा सिंह, संजय कुमार, रामबीर शर्मा, राममेहर, रंगलाल संधू, सतीश शर्मा और महाबीर पोसवाल मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### पिता व पुत्र पर जानलेवा हमले के आरोपी काबू

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस ने अमर भवन चौक के नजदीक बाइक सवार पिता जुगेंद्र व इसके पुत्र अभिषेक को चाकू मार कर घायल करने के आरोपियों पिंटू व शाहरूख निवासी धूप सिंह नगर को गिरफ्तार किया है। थानेदार फूल कुमार ने बताया कि थाना शहर में अमर भवन चौक हाल कुम्हार मोहल्ला निवासी सावित्री देवी की शिकायत पर केस दर्ज है। वहीं, पुलिस ने चाकूबाजी के इस मामले की पूरी जानकारी लेने के लिए आरोपियों को कोर्ट में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया है।

### छात्रों को नशे के खिलाफ जागरूक किया

**पानीपत।** पानीपत पुलिस जिले को नशा मुक्त बनाने की दिशा में जागरूकता अभियान चलाए हुए है। इसी कड़ी में पुलिस की नशा मुक्त अभियान की टीम ने बुधवार को बापौली गांव के सरकारी स्कूल में पहुंचकर विद्यार्थियों से और इसके बाद ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर जागरूक किया। पुलिस टीम ने विद्यार्थियों व ग्रामीणों को नशे के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसान के बारे में विस्तार से बताया।

### दहेज प्रताड़ना में ससुराल वालों पर केस दर्ज

**पानीपत।** थाना हुडा सेक्टर-29 थाना पुलिस ने गांव नांगल खेडी निवासी विवाहिता की शिकायत पर उसके पति, सास, ससुर व ननदों निवासी शामली, उत्तर प्रदेश पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने, मारपीट करने आदि आरोपों में केस दर्ज करवाया है। विवाहिता का आरोप है कि उसका पति मादक पदार्थ की तस्करी में जेल भी जा चुका है।

### पाइट संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रदर्शनी

**पानीपत।** पाइट संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, एनएफएल पानीपत में प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। वहीं, प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, रचनात्मकता और नवाचार को बढ़ावा देना रहा। इस अवसर पर आईपी सिंह मुख्य महाप्रबंधक और पाइट प्रबंधन समिति के संस्थापक हरिओम तायल, चेयरपर्सन सुरेश तायल, सेक्रेटरी राकेश तायल, सेक्रेटरी सदस्य शुभम तायल, प्राचार्या रेखा बजाज और उपाचार्य बॉबी सिंह आदि उपस्थित रहे।

### आईबी कॉलेज में शिक्षा पर उद्धरण लेखन किया

**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज में बीए तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक उद्धरण लेखन प्रतियोगिता करवाई गई। विद्यार्थियों ने जीवन, संघर्ष, सफलता, शिक्षा, आत्मविश्वास जैसे विषयों पर गहन और प्रेरणादायक विचार लिखे। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सतवीर सिंह, डॉ. नीलम, प्रो प्रिया बरेजा आदि उपस्थित रहे।

### जनगणना में सहयोग दे जनता : डीसी

**पानीपत।** जनगणना 2027 के पहले चरण के तहत पानीपत जिला में एक मई से मकान सूचीकरण का कार्य शुरू हो गया है। इस दौरान घर-घर पहुंचकर परिवारों से 33 महत्वपूर्ण सवालों की जानकारी जुटाई जाएगी। यह कार्य आगामी 30 मई तक संचालित किया जाएगा। जिलाभर में जनगणना कार्य में लगे कर्मचारी लग्न के साथ कार्य में जुटे हुए हैं। डीसी एवं प्रधान जनगणना अधिकारी डॉ. वीरेंद्र दहिया ने यह जानकारी दी।

### स्कूल संचालिका से दुष्कर्म, केस दर्ज

**पानीपत।** दिल्ली के साकेत क्षेत्र की निवासी व बहादुरगढ में निजी स्कूल चलाने वाली 49 वर्षीय महिला की इसराना थाना पुलिस ने कुलविंद्र निवासी गांव इसराना पर उसे विवाह का झांसा दिया और नशीला पदार्थ खिला कर उसके साथ बार बार दुष्कर्म करने, अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर लाखों रुपये की ठगी करने के आरोप में केस दर्ज करवाया है। वहीं, पुलिस ने महिला के बयान दर्ज किए और राजकीय अस्पताल में उसकी मेडिकल जांच करवाई। महिला ने बताया कि कुलविंद्र से सितंबर सन 2022 में सोशल मीडिया पर उसकी जान पहचान हुई थी।

---

### ट्यूमर पीड़िता से वसूली करने वाले निजी अस्पताल की जांच के आदेश

# रोगियों से अवैध वसूली करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया जनसुनवाई करते हुए। फोटो : हरिभूमि

उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बलबीर सिंह की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए एक प्राइवेट हॉस्पिटल को कड़े निर्देश जारी किए। उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि योजना के नाम पर मरीजों से अवैध वसूली या लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बलबीर का आरोप है कि उसकी पत्नी गुड्डी देवी के ब्रेन ट्यूमर का निजी अस्पताल में आयुष्मान भारत योजना के तहत उपचार शुरू किया गया। एक सप्ताह तक भर्ती रखने के बावजूद इलाज पूरा नहीं किया गया और अस्पताल की ओर से उनसे लगभग 1 लाख 23 हजार रुपये की राशि वसूल ली गई। डीसी डॉ. दहिया ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि या तो अस्पताल संचालक शिकायतकर्ता की पूरी राशि तत्काल वापस करें, अन्यथा उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। ट्यूमर पीड़िता से वसूली करने वाले निजी अस्पताल की जांच के आदेश दिए।

### हादसे में दंपति की मौत, कई गंभीर

**समालखा।** समालखा कस्बे में बुधवार की देर शाम सड़क हादसे में दंपती की मौत हो गई। उत्तर प्रदेश से मजदूरी के लिए आए दंपती को तेज रफ्तार ट्रक ने उस वक्त कुचल दिया, जब वे बस से उतरे ही थे। जबकि उनके परिवार के कई अन्य सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस की अभी तक की जांच में पता चला कि मृतक दंपति हरदोई, उत्तर प्रदेश निवासी था और दोनों आठ लोगों के साथ एक निजी बस में सवार होकर काम की तलाश में समालखा आए थे। वहीं, बस से उतरते ही दंपति काल का ग्रास बन गए। पुलिस की जांच में पता चला कि हादसा उस समय हुआ जब सभी लोग बस से उतरकर सड़क किनारे खड़े थे। तभी पीछे से आ रहे एक अनियंत्रित और तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। इधर, हादसा करने वाले ट्रक का चालक अपने वाहन को मौके पर ही छोड़ कर फरार हो गया।

- पीछे से आ रहे एक अनियंत्रित और तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया



पानीपत। सांसद दीपेंद्र हुड्डा प्रेस वार्ता करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## हरियाणा में लगातार बढ़ रहा है अपराध का ग्राफः दीपेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

- सूबे में आपराधिक नेटवर्क पर निर्णायक प्रहार करे भाजपा सरकार

सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार की कमजोर कानून व्यवस्था के चलते प्रदेश में अपराध का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है। इसके चलते हर नागरिक दहशत के साये में जीवन यापन करने को मजबूर है। सांसद हुड्डा, युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सचिन कुंडू के आवास पर प्रेस वार्ता कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि लचर कानून व्यवस्था के चलते ही सचिन कुंडू को विदेश से धमकी देकर पांच लाख रूपये की रंगदारी मांगी गई। वहीं, हुड्डा ने कहा कि सचिन कुंडू सम्मानित सामाजिक व राजनीतिक व्यक्तित्व हैं, जो पानीपत ग्रामीण विधानसभा से चुनाव लड़ चुके हैं व पूर्व में हरियाणा यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष भी रह चुके है और सार्वजनिक जीवन में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष ग्रामीण रमेश मलिक, सचिन कुंडू, दिव्यांशु बुद्धिराजा, पूर्व मंत्री बिजेंद्र कादयान, धर्मवीर मलिक, खुशीराम जागलान, दीपक खटकड़, शशि लूथरा, सतपाल रोड आदि कांग्रेसी उपस्थित रहे।

## मनोहर लाल खट्टर के जन्मदिन पर सेक्टर 13-17 के बीच 1100 पौधे रोपे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

ग्रीन मिशन पानीपत के तत्वावधान में केंद्रीय शहरी विकास व उर्जा मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिवस को 'प्रेरणा दिवस' के रूप में मनाते हुए हुडा सेक्टर 13-17, अंसल गेट नंबर तीन के समीप कार्यक्रम का आयोजन कर कुल 1100 पौधे रोपित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महापौर कोमल सैनी, सांसद प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा जी, हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा के बड़े भ्राता हरपाल ढांडा, ग्रीन मिशन पानीपत के संयोजक संदीप जिंदल, दिनेश सैनी, फ़्लाइंग क्लब ट्रस्ट टीम के समस्त पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे। वहीं, महापौर कोमल सैनी ने कहा कि पानीपत में लगाए जा रहे एक लाख पौधों से आने वाले दिनों में पूरा नगर हरा-भरा हो उठेगा और नागरिकों को शुद्ध वातावरण प्राप्त होगा। हरपाल ढांडा ने कहा कि पानीपत को हरा भरा नगर बनाया जाएगा। गजेंद्र सलूजा ने कहा कि मनोहर लाल के जन्मदिवस पर पौधे रोपना बहुत ही पुनीत कार्य है। इस अवसर पर फ्लाइंग क्लब ट्रस्ट के अध्यक्ष नितिन अरोड़ा, नगर निगम के कमिशनर पंकज यादव, संयोजक संदीप जिंदल, पार्षद अनिल परुथी, सुरेश काबरा, आलोक चानना, संदीप कपूर, राहुल सिंगला, तुषार चावला, लक्की खुराना, अशोक सुनेजा, कपिल, पुनीत ओबेरॉय, सिमर, लक्की अरोड़ा, जतिंदर आदि ने पौधे रापे।



पानीपत। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन पर पौधे रोपते हुए हरपाल ढांडा आदि। फोटो : हरिभूमि

### सीआईए थ्री ने कट्टे के साथ किया गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस ने चौटाला रोड पर से साहिल पुत्र शौकिन निवासी गांव भूरा जिला शामली, उत्तर प्रदेश को देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया। थानेदार विजय ने बताया कि आरोपी साहिल के खिलाफ थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है।

### आपदा प्रबंधन की तैयारी में जुटा प्रशासन

**पानीपत।** पानीपत में संभावित बाढ़ के खतरे को देखते हुए राज्य सरकार ने पानीपत जिला प्रशासन को अलर्ट पर रखते हुए आपदा प्रबंधन से जुड़ी तैयारियों को समय रहते पूरा करने के निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में बुधवार को हरियाणा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव डीके बहरा ने पानीपत प्रशासन के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से व्यापक समीक्षा बैठक की। बैठक में संभावित बाढ़ से निपटने की रणनीति, संसाधनों की उपलब्धता और विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय को लेकर गहन चर्चा की गई।

**सनातन संस्कृति का ज्ञान ग्रहण कर सशक्त नागरिक बनें विद्यार्थी**

## विश्व कल्याण का संदेश देती है श्रीमद्भागवत गीता : गुप्ता



समालखा। सर छोटू राम हेरिटेज स्कूल में श्री गीता के श्लोकों का गायन करते हुए शिक्षक व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ समालखा

गीता परिवार उत्तरांचल की प्रभारी व शिक्षाविद् मीनाक्षी गुप्ता की देखरेख में सर छोटू राम हेरिटेज स्कूल नांगल खेड़ी में आयोजित चार दिवसीय नवीन शिविर उत्साह, अनुशासन, आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण रहा। शिविर में बच्चों एवं शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी रही। वहीं, शिविर का शुभारंभ प्रार्थना एवं मधुर गीतों के साथ हुआ। श्रीमद्भागवत गीता विश्व कल्याण का संदेश देती है। विद्यार्थी सनातन संस्कृति का ज्ञान ग्रहण कर सशक्त नागरिक बनें। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रभारी गीता परिवार ममता वर्मा द्वारा अत्यंत भावपूर्ण ढंग से किया गया। उनके मार्गदर्शन में प्रस्तुत गीतों ने सभी प्रतिभागियों को एकाग्रता और भक्ति के भाव से जोड़ दिया। कैंप में सूर्य नमस्कार, योग आदि की विस्तार से जानकारी दी गई। शिविर में बच्चों के लिए गीता सेवी गोविंद चौधरी व हिमांशु के द्वारा रोचक एवं ज्ञानवर्धक बैठक खेलों का आयोजन किया गया, विद्यार्थियों में टीम भावना, सहयोग और आत्मविश्वास की वृद्धि हुई। इस अवसर पर प्रदीप, सोनू रानी सहित कस्बे के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## श्री सनातन धर्म मंदिर में छबील लगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

ज्येष्ठ मास के उपलक्ष्य में श्री सनातन धर्म मंदिर सभा मॉडल टाउन द्वारा भक्ति और सेवा की परंपरा को निभाते हुए मीठे पानी की छबील का आयोजन किया गया। वहीं, सनातन मान्यताओं के अनुसार ज्येष्ठ माह में बुढ़वा मंगल के रूप में श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। इसी भावना के साथ भीषण गर्मी को देखते हुए मंदिर सभा की ओर से राहगीरों और श्रद्धालुओं के लिए शीतल मीठे जल की व्यवस्था की गई। सभा के प्रधान तरुण गांधी ने कहा कि भगवान हनुमान की कृपा और रामनाम के सिमरन के साथ यह छबील पूर्णतः सेवा भाव से लगाई गई। इसके अलावा सेवा के इस क्रम के साथ साथ प्रभु का भव्य संकीर्तन एवं श्री हनुमान जी की विशेष आरती की गई।



पानीपत। श्री सनातन धर्म मंदिर, मॉडल टाउन में जलसेवा करते हुए श्रद्धालु।

## मानव को सद्भावना का संदेश देता है सतानतन धर्म : महेशानंद

- श्री अखंड शिव दुर्गा मंदिर ट्रस्ट का 23वां वार्षिक सत्संग व भंडारा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत के नूरवाला की जसबीर कालोनी स्थित श्री अखंड शिव दुर्गा मंदिर ट्रस्ट द्वारा 23वें वार्षिक सत्संग एवं भंडारे का आयोजन किया गया। वहीं, महामंडलेश्वर स्वामी दयानंद की प्रेरणा से श्री श्री 108 स्वामी महेशानंद की अध्यक्षता में श्रीरामचरित मानस का पाठ समाजसेवी ममता एवं सतीश वर्मा के कर कमलों से कराया गया। वहीं संतों द्वारा प्रवचन किया गया। जिसमें ध्वजारोहण रवि खुराना ने किया। रिबन कटिंग समाजसेवी सतपाल बैरागी द्वारा तथा ज्योत प्रचण्ड सुनील प्रजापति द्वारा की गई। मुख्य अतिथि श्रीराम दशहरा कमेटी के प्रधान भीम सचदेवा रहे, जबकि विशिष्ठ अतिथि के रूप में विजय कोचर, सतपाल जावा, स.जयमल सिंह, सुनील गोयल, जय दयाल तनेजा रहे। श्रीरामायण आरती एवं भोग के बाद भंडारा लगाया गया। समारोह में भजन गायक पंडित आत्म प्रकाश वशिष्ठ व लेखराज जताना रहे। मंच संचालन मदन लाल आजाद ने किया। इस अवसर पर अशोक कालड़ा, अनिल बतरा, राजू सेतिया, कपिल भट्टनागर, सुदेश बावा, सुनील कुमार गोयल, मनोज शर्मा व जतिन बतरा आदि मौजूद रहे। इधर, स्वामी महेशानंद ने कहा कि धर्म इंसान को इंसान से जोड़ते हुए मानवता की सेवा व सद्भावना का संदेश देता है। सतानत धर्म मानव को सद्भावना का संदेश देता है।



पानीपत। श्री अखंड शिव दुर्गा मंदिर के वार्षिकोत्सव में अतिथियों को सम्मानित करते हुए मेजबान। फोटो : हरिभूमि

**पाइट एनसीआर में फेयरवेल**

## विद्यार्थी शॉर्ट कट का रास्ता न अपनाएं

**पानीपत।** पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (पाइट) एनसीआर कॉलेज में पासिंग आउट बैच के लिए भव्य फेयरवेल का आयोजन किया गया। खुशी, पुरानी यादें और उत्साह का संगम देखने को मिला। सचिव सुरेश तायल व बोर्ड सदस्य शुभम तायल ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। जज के रूप में डॉ. पूनम जागलान और सन्नी कुहाड़ ने भूमिका निभाई। पाइट एनसीआर के प्रिंसिपल डॉ. दीपक राज, इंग्लिश विभाग की अध्यक्ष डॉ. श्वेता जून एवं कॉमर्स विभाग की अध्यक्ष डॉ. तान्या सोनी ने विद्यार्थियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन कन्वीनर डॉ. भारती और को-कन्वीनर सिद्धार्थ के निर्देशन में हुआ। सचिव सुरेश तायल ने कहा कि सफलता के लिए कभी शार्ट कट का रास्ता न अपनाएं। इस माध्यम से प्राप्त सफलता भी कुछ देर ही टिकती है। मेहनत से अपने लक्ष्य को हासिल करें।



पानीपत। पाइट में फेयरवेल में स्वयं को प्रस्तुत करते हुए छात्रा। फोटो : हरिभूमि

## आर्य कॉलेज में एडमिशन हेल्प डेस्क शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

आर्य पीजी कॉलेज में बुधवार से एडमिशन हेल्प डेस्क की शुरुआत हो गई है। कॉलेज प्राचार्य प्रो.डॉ. जगदीश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा बोर्ड व सीबीएसई बोर्ड बारहवीं कक्षा का परिणाम जल्द ही घोषित करने वाले हैं।

उम्मीद है की बारहवीं कक्षा का परिणाम विद्यार्थियों के लिए शानदार रहेगा, जिसके बाद विद्यार्थी देश के अलग अलग विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों की दाखिला प्रक्रिया में लेगें। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को अपने भविष्य को लेकर यह चिंता रहती है कि वह बाहरवीं के बाद क्या करेंगे, और कैसे ऑनलाइन पंजीकरण होगा। ऐसी कई समस्याओं को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों की सहायता के लिए आर्य कॉलेज के कांफ्रेंस हॉल में एडमिशन हेल्प डेस्क की शुरुआत की गई है। हेल्प डेस्क पर प्राध्यापक, दाखिला लेने के इच्छुक विद्यार्थियों को मार्ग दर्शन करते है।



पानीपत। आर्य कॉलेज में शिक्षक, विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### प्रतियोगिता में सात स्कूलों के 38 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्ण भाग लिया

## विद्यार्थियों को मजबूत बनाती हैं प्रतियोगिताएं : डॉ. तोमर

- डीएसपीएस में इंटर स्कूल मैप मास्टर्स प्रतियोगिता में सात स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

दयाल सिंह पब्लिक स्कूल में इंटर स्कूल मैप मास्टर्स प्रतियोगिता हुई। जिसका शुभारंभ प्राचार्या डॉ. विनीता तोमर ने करते हुए कहा कि प्रतियोगिताओं में भाग लेने से विद्यार्थियों की झिझक दूर होती है, उनके अंदर आत्मविश्वास बढ़ता है और वे हर हालात से जूझने के लिए मानसिक, शारीरिक व शैक्षितक रूप से मजबूत बनते है। वहीं, प्रतियोगिता में सात स्कूलों के 38 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्ण भाग लिया। वहीं, भारत का राजनीतिक मानचित्र प्रतियोगिता में आर्शिया बंगा व रीवा टंडन पाइट अंसल, अनन्या व हिमानी दयाल सिंह पब्लिक स्कूल, दुनिया का राजनीतिक मानचित्र बनाने में चैतन्य कपूर व अलंकृता शर्मा दयाल सिंह पब्लिक स्कूल, युवराज डॉ. एमकेके पब्लिक स्कूल, अवंतिका मित्तल बाल विकास प्रोग्रेसिव स्कूल, दुनिया का राजनीतिक और भौतिक मानचित्र में सारा सिंह व रिद्धिमा दयाल सिंह पब्लिक स्कूल, सार्थक डॉ. एमकेके पब्लिक स्कूल, हितकृत दास डीपीएस पानीपत रिफाइनरी विजेता रहे। विजेताओं को प्राचार्या डॉ. विनीता तोमर ने पुरस्कृत किया।



पानीपत। डीएसपीएस की प्राचार्या डॉ. विनीता तोमर के साथ विभिन्न स्कूलों के विजेता विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## मोक्ष का नेशनल सीबीएसई क्रिकेट टीम में हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने क्रिकेट के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के कक्षा दसवीं के छात्र मोक्ष सैनी का चयन ऑल इंडिया नेशनल सीबीएसई क्रिकेट टीम में हुआ, जहां उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। वहीं, विद्यालय के प्रफुल्ल चौहान ने एसजीएफआई हरियाणा नेशनल क्रिकेट टीम में शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इधर, स्कूल की प्रबंधन समित के अध्यक्ष भारत भूषण ने मोक्ष व प्रफुल्ल चौहान को सम्मानित किया। जबकि प्राचार्य मनीष घनघस ने कहा कि मोक्ष व प्रफुल्ल को खेल निखारने में स्कूल प्रशासन हर संभव सहयोग देगा



पानीपत। आर्य स्कूल के प्रधान भारत भूषण व प्राचार्य मनीष के साथ मोक्ष।

## खबर संक्षेप

### धोखाधड़ी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** विदेश भेजने के नाम पर लाखों रूपये हड़पने के मामले में आर्थिक अपराध शाखा ने आरोपी कर्मबीर सिंह उर्फ मिंकू को गिरफ्तार किया है। मामले में गिरफ्तार आरोपी कप्तान ने पूछताछ के दौरान बताया था कि आरोपी कर्मबीर सिंह भी इस मामले में संलिप्त है। आर्थिक अपराध शाखा के निरीक्षक परमवीर ने बताया कि शिकायतकर्ता बलकार सिंह निवासी गांव कामी खुर्द ने 13 मार्च 2025 को थाना बलदेव नगर में शिकायत दी थी कि 4 दिसंबर 2023 से 10 जून 2024 के दौरान सद्धोपुर बॉर्डर पर आरोपी कप्तान सिंह व अन्य ने विदेश भेजने का झांसा देकर उससे एक बड़ी रकम हड़प ली। न तो उसे विदेश भेजा और न ही उसके पैसे वापिस किए। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी कर्मबीर सिंह उर्फ मिंकू को भी गिरफ्तार किया है।

### लंबित शिकायतों के शीघ्र निपटान के निर्देश दिए

**जींद।** स्थानीय एडीसी कॉन्फ्रेस हॉल में अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में सीएम विंडो एवं जन संवाद पोर्टल से संबंधित शिकायतों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ पोर्टल पर लंबित पड़ी शिकायतों की विभागवार समीक्षा की गई। अतिरिक्त उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सीएम विंडो एवं जन संवाद पोर्टल पर लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निपटान सुनिश्चित किया जाए।

### हर हलके में यात्रा का हो रहा जोरदार स्वागतः गग

**उचाना।** मार्केट कमेटी पूर्व चेयरमैन एवं बृजेंद्र सिंह के साथियों में शामिल सुरेंद्र गर्ग ने कहा कि 8 मई को सद्भाव यात्रा में नेता प्रतिपक्ष शामिल हो रहे है। बृजेंद्र सिंह ने जो यात्रा प्रदेश में शुरू की थी उसको छह महीने होने वाले है। इस यात्रा के माध्यम से सदभाव का संदेश देने पूरे प्रदेश में पैदल चल रहे है। हर हलके में जोरदार स्वागत उनका हो रहा है। यात्रा में राहुल गांधी के शामिल होने से कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार होगा। यात्रा को कांग्रेस के सांसद, विधायक, पूर्व मंत्री, जिलाध्यक्ष एंव पास के राज्यों से कांग्रेस विधायकों ने पहुंच कर समर्थन दिया।

### सैनी धर्मशाला बत्तख चौक पर रक्तदान शिविर कल

**जींद।** आगामी आठ मई को सैनी धर्मशाला बत्तख चौक पर युवा विकास समिति के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष एवं जिला युवा पुरस्कार विजेता प्रदीप रेढू ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर नगर परिषद अध्यक्ष डा. अनुराधा सैनी भाग लेंगी और रक्तदाताओं की हौंसलाअफजाही करेगी। महासचिव एवं संयोजक प्रवीण सैनी ने बताया कि यह रक्तदान शिविर नौ बजे से दो तक चलेगा। उन्होंने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नही है। इससे शरीर में किसी भी प्रकार की कोई कमजोरी महसूस नही होती है।

## ऊर्जा मंत्री विज ने पुनः उसी स्थान पर बसाए जाने का दिया था आश्वासन

# नप ने किए 60 साल से बने 22 खोखे ध्वस्त, 24 परिवारों पर संकट

युवा नेत्री चित्रा सरवारा ने की पीड़ित परिवारों से मुलाकात, नगर परिषद कार्यालय पहुंचकर अधिकारियों से तलब किया जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** तोड़े गए खोखों का मुआयना करती चित्रा सरवारा व अन्य।



**अंबाला।** तोड़े गए खोखों के मालिकों से बातचीत करती चित्रा सरवारा।

नगर परिषद के अतिक्रमण विरोधी दस्ते ने अंबाला छावनी के सेवा समिति स्कूल के पास 60 सालों से बने खोखों तो तोड़कर ध्वस्त कर दिया। दो दर्जन खोखों में लोग छोटे_छोटे कारोबार चलाकर अपने परिवार का जीवन यापन कर रहे थे। नगर परिषद की इस कार्रवाई से दो दर्जन परिवारों की रोजी रोटी पर संकट खड़ा हो गया। उधर कार्रवाई पर युवा नेत्री चित्रा सरवारा ने कड़ा ऐतराज जताते हुए पीड़ित दुकानदारों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कार्रवाई पर सवाल उठाया की इस नुकसान के असली जिम्मेदार कौन हैं? - प्रशासन जिसने कानून का हवाला देते हुए बिना नोटिस पंजा चलाया या स्थानीय मंत्री अनिल विज जिन्होंने इन दुकानदारों को लगातार झूठे आश्वासन दिए थे कि उन पर कोई कार्रवाई नहीं होगी। सरवारा ने पीड़ित परिवारों से बात करते हुए यह प्रश्न उठाया कि यदि मंत्री अनिल विज ने आश्वासन दिया था कि दुकानें लग सकती हैं और कोई हटाएगा नहीं तो क्या उनकी अब जवाबदेही नहीं बनती इन लोगों के प्रति की दुकानें क्यूं तोड़ी गई? क्या उन्हें लोगों के साथ नहीं खड़ा होना चाहिए?क्या इन गरीब लोगों को मुआवजा नहीं दिलवाना चाहिए?

तोड़फोड़ की कार्रवाई से ठीक एक दिन पहले भी वे मंत्री अनिल विज से मिले थे। उन्हें आश्वासन दिया गया कि पुराने दुकानदारों पर कोई कार्रवाई नहीं होगी लेकिन सुबह बिना किसी नोटिस के प्रशासन ने आकर एक कोने से शुरू होते हुई सभी 22 दुकानें खत्म कर दी। उनके साथ उनमें लगा समान भी ध्वस्त कर दिया सामान,पंखे,मोटर,तंदूर,बर्तन तक निकालने का समय भी नहीं दिया। इससे यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर किसके निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। क्या यह कार्रवाई उस दिए गए आश्वासन के विपरीत नहीं है? चित्रा सरवारा ने स्पष्ट कहा कि यह केवल खोखों का मामला नहीं, बल्कि उन परिवारों के अस्तित्व का प्रश्न है, जिन्होंने कर्ज लेकर, दिन-रात मेहनत कर अपने छोटे-छोटे कारोबार खड़े किए थे। वे एक बार फिर सड़क पर खड़े हैं। भविष्य को लेकर असमंजस में हैं। क्या वास्तव में नोटिस जारी किए गए थे, तो उनकी वैधानिक पुष्टि कहां है? क्या किसी दुकानदार से प्राप्ति रसीद ली गई? केवल मोबाइल पर सूचना भेजने का दावा न तो कानूनी प्रक्रिया का पालन है और न ही मानवीय दृष्टिकोण से उचित। पीड़ितों ने भी स्पष्ट रूप से कहा कि उन्हें किसी प्रकार की आधिकारिक सूचना प्राप्त नहीं हुई। यह घटना प्रशासनिक निर्णयों और जमीनी हकीकत के बीच बढ़ती खाई को उजागर करती है। जहां आश्वासन और वास्तविकता के बीच पिसता आम आदमी भी न्याय की प्रतीक्षा में खड़ा है। इसी के साथ उन्होंने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि आज हर वर्ग का व्यक्ति सरकार की भेदभावपूर्ण नीतियों के कारण परेशानियों का सामना कर रहा है।

### एक साल पहले दिए थे खाली करने के आदेश

मौके पर उपस्थित चित्रा ने सभी साथियों और नप सदस्यों व पूर्व सदस्यों के साथ नगर परिषद कार्यालय में पहुंच के कार्यकारी अधिकारी से मुलाकात कर इस पूरे घटनाक्रम पर जवाब तलब किया। अधिकारियों द्वारा प्राशासनिक कानून का हवाला दिया गया। पीड़ित दुकानदारों ने अपनी व्यथा सुनाते हुए बताया कि करीब एक वर्ष पूर्व नाले के पक्के निर्माण के नाम पर उन्हें अस्थाई रूप से स्थान खाली करने के लिए कहा गया था। उस समय विद्युत एवं परिवहन मंत्री अनिल विज द्वारा उन्हें यह स्पष्ट आश्वासन दिया गया था कि निर्माण कार्य पूर्ण होते ही उन्हें पुनः उसी स्थान पर व्यवस्थित रूप से बसाया जाएगा। इतना ही नहीं पुनर्वास की प्रक्रिया को चिह्नित करने के लिए दीवारों पर नगर परिषद द्वारा खोखों के नंबर तक अंकित किए गए थे। इससे इन परिवारों को भरोसा हो गया था कि उनका रोजगार सुरक्षित रहेगा।

## महाराणा प्रताप का जीवन राष्ट्रभक्ति को समर्पितः राणा



**शहजादपुर।** मंत्री श्याम सिंह राणा का अभिनंदन करते हुए।

■ तीन राज्यों में मिली प्रचंड जीत को लेकर भी लोगों को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

महाराणा प्रताप जयंती 9 मई को प्रातः 11 बजे अनाज मंडी में राज्य स्तरीय समारोह के रूप में मनाई जाएगी। समारोह को लेकर जनसंपर्क अभियान तेज हो गया है। कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन एवं मत्स्य पालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने विधानसभा क्षेत्र के गांव डेहर, अंबली, गदौली, फतेहपुर, मिर्जापुर और कुराली का दौरा कर ग्रामीणों को समारोह में शामिल होने का निमंत्रण दिया। इस दौरान गांव-गांव में उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया और ग्रामीणों ने समारोह में बढ़-चढक़र भाग लेने का भरोसा दिया। मंत्री ने परंपरागत चूल्हा न्यौत देकर परिवार सहित कार्यक्रम में पहुंचने का आग्रह किया। गांव मिर्जापुर में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निवास पर हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने मंत्री श्याम सिंह राणा का स्वागत करते हुए कार्यकर्ताओं को पश्चिम बंगाल सहित तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी को मिली जीत की बधाई दी। 9 मई के समारोह में भारी संख्या में पहुंचने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमें सदैव अपने इतिहास और महापुरुषों को याद रखना चाहिए। मंत्री श्याम सिंह राणा ने भी कार्यकर्ताओं को तीन राज्यों में मिली जीत की बधाई देते हुए कहा कि भाजपा के लिए राष्ट्रवाद प्रथम है । उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन राष्ट्रभक्ति, स्वाभिमान और अदम्य साहस का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि युवाओं को उनके संघर्ष, त्याग और आत्मसम्मान से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार महापुरुषों की विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है और यह समारोह उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने भी क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में समारोह में पहुंचने की अपील करते हुए कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन साहस, त्याग और राष्ट्रभक्ति की अमूल्य प्रेरणा देता है। समारोह ऐतिहासिक होगा।

## बाढ़ आपदा को लेकर होगी मॉक ड्रिलः डीसी

■ नदी में पानी का बहाव, जलभराव से निपटने का होगा अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला




**अंबाला।** मीटिंग में मौजूद प्रशासनिक अधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि प्रदेश सरकार के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा राज्य के बाढ़ संभावित जिलों में बाढ़ आपदा के दृष्टिगत राज्य स्तरीय मॉक ड्रिल अभ्यास आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में 14 को मॉक ड्रिल अभ्यास का आयोजन किया जाएगा, ताकि संभावित बाढ़ जैसी स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।

उपायुक्त अपने कार्यालय के सभागार में मॉक ड्रिल अभ्यास को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में उन्होंने मॉक ड्रिल की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इससे पूर्व सरकार के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव डीके बेहरा ने वीसी के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न जिलों की तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि सभी विभाग इस मॉक ड्रिल के तहत सभी कार्यों एवं तैयारियों को करना सुनिश्चित करें। मॉक ड्रिल को आयोजित करवाने का मुख्य उद्देश्य यहीं है कि यदि को आपात स्थिति उत्पन्न होती है तो उस समय उस आपदा से निकला जा सकें। इस मॉक ड्रिल के दौरान तमाम गतिविधियां की जाएगी और डेमो के माध्यय से मॉक ड्रिल को वास्तविक परिस्थितियों के अनुरूप संचालित करें, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि मॉक ड्रिल के दौरान नदी में पानी के बहाव, शहरी क्षेत्रों में जलभराव, भवनों को क्षति तथा लोगों के फंसने जैसी संभावित परिस्थितियों से निपटने का अभ्यास किया जाएगा।

## अंबाला के सदर बाजार चौक पर 9 को स्थापित होगी महाराणा प्रताप की मूर्ति

■ ऊर्जा मंत्री ने स्वैच्छिक कोष से दिए 50 लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



**अंबाला।** मूर्ति को स्थापित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि हिंदुस्तान के स्वाभिमान के प्रतीक, देशभक्ति को पूरी तरह समर्पित वीर महाराणा प्रताप की जयंती पर अम्बाला छावनी के सदर बाजार में उनकी साढ़े 12 फुट ऊंची मूर्ति को स्थापित किया जाएगा। विज ने पत्रकारों को यह जानकारी देते हुए बताया कि महाराणा प्रताप की मूर्ति स्थापित करने के लिए उन्होंने अपने स्वैच्छिक कोष से 50 लाख रुपए की राशि नगर परिषद अम्बाला सदर को दी थी। उन्होंने बताया कि मूर्ति 16 क्विंटल वजनी है। साथ ही इसका निर्माण धातु से किया गया है। मूर्ति अंबाला छावनी में पहुंच चुकी है। इसे 9 मई को प्रातः 11 बजे सदर बाजार चौक पर स्थापित किया जाएगा। विज ने सदर चौक पर मूर्ति स्थापित करने वाले स्थल का अवलोकन किया। मौके पर नगर परिषद अधिकारियों से मूर्ति स्थापित करने को लेकर चर्चा की।



**जींद।** जिला कारागार में सुनवाई करते सीजेएम। *फोटो :हरिभूमि*

### लोक अदालतः विचाराधीन बंदी को अंडरगोन किया

**जींद।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पूनम सुनेजा के निर्देश अनुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बुधवार को जिला कारागार में लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस लोक अदालत में चार मामले विचार दिन रखे गए। जिनमें से एक मामले का मौके पर ही निपटान किया गया। एक विचाराधीन बंदी को अंडरगोन किया गया तथा आदेश पारित किए गए कि अगर बंदी पर और कोई कैस ना हो तो रिहा किया जाए। प्राधिकरण सचिव ने जेल में रह रहे बंदियों से बातचीत कर उन्हें मुफ्त कानूनी सहायता से अवगत कराया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कैदियों में हवालतियों को उनके केसों में आ रही मुश्किलों को सुना व समस्याओं के समाधान संबंधी जानकारी दी। इसके अलावा जेल में बंद कैदियों से अपील की कि यदि किसी को पैरवी करने के लिए वकील की जरूरत है तो वह मुफ्त कानूनी सेवाओं के लिए प्राधिकरण के कार्यालय में भेजनी होती हैं ।

## आजाद प्रत्याशी का आरोप, भाजपा की शह पर अधिकारी कर रहे हैं काम

■ भाजपा के होर्डिंग पर प्रशासन नहीं कर रहा कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

मेयर पद की आजाद प्रत्याशी सोनिया चौधरी ने प्रशासन पर भाजपा के साथ मिलकर उनके होर्डिंग उतारने का आरोप लगाया। उनका आरोप है कि भाजपा के होर्डिंग छोड़े जा रहे हैं जबकि उनके होर्डिंग जानबूझकर उतारे जा रहे हैं। उन्होंने होर्डिंग उतारने वाले कर्मचारियों से आदेश दिखाने को कहा मगर वह नहीं दिखा सके।

यहां काफी देर तक आजाद प्रत्याशी ने कर्मचारियों को समझाया, अधिकारियों से भी फोन पर बात की और आपत्ति जताई। दूसरी तरफ भाजपा ने सोशल मीडिया पर एक फोटो जारी की जिसमें एक लड़का उनके होर्डिंग फाड़ रहा था। उसे आजाद प्रत्याशी का समर्थक बताया जबकि आजाद प्रत्याशी ने उस युवक को पहचाने से इंकार कर दिया। इसे भाजपा का सुनियोजित काम बताया। दो दिनों से प्रशासन सरकारी भवनों और सरकारी संपत्ति से प्रत्याशियों के पोस्टर, बैनर, होर्डिंग आदि प्रचार सामग्री हटा रहा है। वार्ड 9 में कर्मचारियों ने प्राइवेट भवन से ही होर्डिंग हटा दिए। यहां पर प्रत्याशियों के समर्थकों ने भी सिर्फ उनके ही बैनर हटाने का आरोप लगाया। दूसरी तरफ निर्वाचन अधिकारी और उपायुक्त कार्यालय के समीप स्थित मेक इन इंडिया चौक पर भाजपा के झंडे लगे हुए थे। इन्हें उतारा नहीं गया। इसी प्रकार इस रोड पर डिवाइडर पर झंडे लगे थे। इस मामले I को लेकर जब आचार संहिता उल्लंघन के नोडल अधिकारी सुशील कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि हमने कर्मचारियों को निष्पक्ष रूप से कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

### नगर निगम चुनाव को लेकर धारा 54 के तहत मतदान वाले दिन बंद रहेंगे शहर के शराब ठेके

■ 13 मई को मतगणना वाले दिन परिणाम आने तक रोक

**अंबाला।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधीश अजय सिंह तोमर ने पंजाब एक्साईज एक्ट 1914 की धारा 54 के तहत नगर निगम आम चुनाव के दृष्टिगत आदेश जारी किए हैं। जारी आदेशों के तहत एवं राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले की सीमा में सभी शराब विक्रेता 8 मई शाम 6 बजे से 10 मई मतदान वाले दिन वोट डलने तक तथा 13 मई मतगणना वाले दिन परिणाम घोषित होने तक शराब के सभी ठेके बंद रहेंगे। उन्होंने बताया कि नगर निगम आम चुनाव में मतदाताओं को प्रलोभन देने की संभावना को रोकने के लिए जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के शराब के सभी ठेके 8 मई शाम 6 बजे से 10 मई मतदान वाले दिन वोट डलने तक बंद रहेंगे। इसके साथ-साथ यदि किसी कारण से दोबारा मतदान की स्थिति बनती है तो 12 मई को पुनः मतदान होने तक बंद रहेंगे। 13 मई मतगणना वाले दिन सुबह 8 बजे से परिणाम घोषित होने तक शराब के सभी ठेके बंद रहेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि मतदान गणना वाले दिन मतगणना के समापन तक किसी भी दुकान, रेस्टोरेंट, क्लब, अन्य किसी भी स्थान चाहे वे लाइसेंस शुदा हो वहां पर भी शराब बिक्री व वितरण पर पाबंदी रहेगी। उन्होंने यह भी बताया कि यदि कहीं पर भी आदेशों की अवेहलना पाई गई तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### पेड़ चोरी करने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बराड़ा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सफेदा पेड़ चोरी करने के मामले में संलिप्त एक अन्य आरोपी को अद्योया चौक से काबू किया। प्रबंधक थाना बराड़ा ने बताया कि शिकायतकर्ता दविंद्र सिंह ने 31 मई 2024 को शिकायत दी थी कि 30 मई 2024 को गांव राजोखेडी से आरोपी ने उसके सफेदे के पेड़ काट कर चोरी किए है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मामले में संलिप्त चौथे आरोपी सुलेमान को अद्योया से गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ थाना यमुनानगर में चोरी के चार मामले और भी दर्ज हैं। पुलिस ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी गई है और इस तरह की घटनाओं पर सख्ती से रोक लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

### एयरफोर्स स्टेशन के पास ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि एयरफोर्स स्टेशन अंबाला छावनी के 5 किलोमीटर क्षेत्र के अंदर ड्रोन फलाईंग पर प्रतिबंध है। यह सुरक्षा की दृष्टि से है। उपायुक्त अपने कार्यालय में वायु सेना के अधिकारियों के साथ चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अंबाला छावनी एयरफोर्स स्टेशन काफी काफी महत्वपूर्ण है इसलिए इस क्षेत्र के आस पास 5 किलोमीटर क्षेत्र के अंदर ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध हैं। उन्होंने इस क्षेत्र के नजदीक रहने वाले लोगों से अपील की है कि वे इस क्षेत्र में किसी भी तरह का ड्रोन प्रयोग में न लाएं। उन्होंने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति ऐसा करता हुआ पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## अब जिले की सड़कों पर दौड़ रही हैं 20 इलेक्ट्रिक बसें

# रोडवेज के बेड़े में पांच नई इलेक्ट्रिक बसें शामिल

दो दिनों में अंबाला पहुंच जाएंगी बसें, लोकल रूट पर चलने से शहरवासियों को मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला




एआई जेनरेटेड फोटो

जिले को पांच नई इलेक्ट्रिक बसों की सौगात मिली है। इन नई बसों के आने से अब इलेक्ट्रिक बसों की संख्या बढ़कर 20 हो गई है। उम्मीद जताई जा रही है कि अगले दो दिनों के भीतर पांच और बसें अंबाला पहुंच जाएंगी जिससे यह आंकड़ा 25 तक पहुंच जाएगा। इन पांचों नई बसों का पंजीकरण कार्य जारी है। जैसे ही कागजी औपचारिकताएं और तकनीकी जांच पूरी होगी, इन्हें तुरंत स्थानीय मार्गों पर संचालन के लिए उतार दिया जाएगा।

बेड़े में बसों की संख्या बढ़ने से यात्रियों को सफर के लिए ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। वर्तमान में जिले में संचालित इलेक्ट्रिक बसें मुख्य रूप से अंबाला शहर से अंबाला कैंट, बराड़ा, यमुनानगर और नारायणगढ़ जैसे प्रमुख मार्गों पर चल रही हैं। ये बसें न केवल आरामदायक हैं बल्कि शोर और प्रदूषण मुक्त भी हैं। नई बसों के आने के बाद विभाग की योजना इन्हें उन लोकल रूटों पर लगाने की है, जहां यात्रियों की संख्या अधिक है और साधनों की कमी है। इससे स्थानीय नौकरीपेशा लोगों और छात्रों को बड़ी राहत मिलेगी। जैसे-जैसे बेड़ा बढ़ेगा, शहर के अंदरूनी हिस्सों और ग्रामीण रूटों को भी इनसे जोड़ा जाएगा ताकि लोग निजी वाहनों की जगह सार्वजनिक और सुरक्षित परिवहन अपनाएं। अंबाला डिपो के महाप्रबंधक अश्वनी डोगरा ने बताया कि पांच नई इलेक्ट्रिक बसें आई हैं, इन बसों के आने से डिपों में बसों की संख्या 20 हो गई है। इसके अलावा इस सप्ताह में पांच और नई बसें आनी है। इन बसों के आने से यात्रियों को और भी बेहतर सुविधाएं मिलेगी।साथ ही, बसों में आधुनिक सुविधाएं जैसे जीपीएस सिस्टम, सीसीटीवी कैमरे और आरामदायक सीटिंग व्यवस्था यात्रियों के सफर को और सुरक्षित व सुविधाजनक बनाएंगी।